Title: Demand to enquire the atrocities committed on the Dalit community in Ram Pankhan village under Junagarh district of Gujarat.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे देश को आजादी मिलने के बाद भी दलितों पर गांव-गांव में अत्याचार हो रहे हैं। इक्कीसवीं शताब्दी में प्रवेश करने के लिए कुछ ही दिन बाकी हैं। गुजरात राज्य के जूनागढ़ जिले में यशोह तालुका के राम पानखान में २७ तारीख की सुबह गांव के हाथी दरबार के उच्चवर्गीय समाज ने दलित बस्ती के कम से कम पचास लोगों पर हमला किया। यह बात बहुत सीरियस है। उन्होंने गांव की जमीन पर पहले से ही कब्जा किया हुआ था। इन्होंने अतिक्रमण किया था।

... (व्यवधान)

SHRI RAJIV PRATAP RUDY : Mr. Deputy-Speaker, Sir, is it not pertaining to law and order? Is it not a State subject? ... (Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not interrupt.

... (Interruptions)

SHRI RAJIV PRATAP RUDY : But then he is going to speak about minority, law and order in the State. ... (Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not challenge the decision of the Chair. We have already taken that into account. Please do not pass such a remark.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : हमारा भारत सरकार से निवेदन है कि जिन राज्यों में इस तरह के अत्याचार हो रहे हैं, उसके बारे में राज्य सरकार को निर्देश देने की आवश्यकता है। जिन लोगों के पास गांव में जमीन नहीं है, यदि ऐसे लोग सरकार की जमीन पर कब्जा करते हैं तो गांव के लोगों का औब्जैक्शन करना ठीक नहीं है। उसे सरकारी लोग देख सकते हैं। गांव के लोगों को लगता है कि दलितों के पास जमीन नहीं होनी चाहिए। यदि उनपर इसी तरह ऐट्रॉसिटी होती रहेगी तो जिनके पास ज्यादा जमीन है, वे उसपर कब्जा करने के लिए आगे आएंगे। वे अभी तक इस स्टेज पर नहीं गए हैं। उन लोगों पर जो हमला हुआ है, उसकी जांच होनी चाहिए और जिन लोगों ने हमला किया है, उनपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में भारत सरकार राज्य सरकार को निर्देश दे। यहां भी आपकी सरकार है, वहां भी आपकी सरकार है। यदि इसी तरह अत्याचार होते रहे तो वह भी जाएगी और यह भी जाएगी। दलितों पर अत्याचार रोकने के लिए सरकार को कोई कदम उठाना चाहिए। मैं आपके द्वारा सरकार से यही निवेदन कर रहा हूं।